हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333





डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 77 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 29 दिसम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## मंडियों में नए साल से शुरु होगी ई-मंडी की सुविधा

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** डिजिटल युग में किसानों को कतार में खड़ा न होने दें। बल्कि, ऐसी मंडियों में उन्हें ई-पास से प्रवेश देने की व्यवस्था लागू करें। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को यह निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा, पूर्व में 42 मंडियों में ई-पास से किसानों को सुविधा दी है कि वह मोबाइल ऐप से स्वयं पर्ची बना सकें। अब 41 मंडियों में यह व्यवस्था 1 जनवरी से लागू होगी। सीएम ने कहा, सभी मंडियों में यह व्यवस्था लागू करें। 1 अप्रेल से 259 मंडियां, ई-मंडी के रूप में करेंगी। सीएम ने दलहन, तिलहन व उद्यानिकी फसलों पर भी चर्चा की। मंदसौर मंडी सचिव पर्वतसिह सिसौदिया ने बताया कि मंदसौर जिले में भी यह सुविधा शुरु होगी। पिपलियामंडी से इसकी शुरुआत कराई जाएगी।

**यह है योजना**–ई-मंडी से किसान मंडियों में स्वयं अपनी पर्ची बना सकते हैं। यह सुविधा मंडी ऐप पर होगी। मंडी में प्रवेश, नीलामी, तौल और भुगतान कंप्यूटराइज्ड है। इसी ऐप के जरिए नीलामी की कार्रवाई प्राप्त की जा सकेगी।

# संपदा 2.0: नहीं रुक रही गड़बड़ी

## छूट का ऑप्शन नहीं कर पा रहा काम, शुल्क डेढ़ से तीन हजार, बता रहा एक लाख रुपए

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** संपदा 2.0 में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है। यह गड़बड़ियां सर्विस प्रोवाइडरों और उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनी हुई है। नगरपालिका के पट्टानामा के शेष अवधि नामांतरण को पंजीकृत करवाना होता है। इसे पंजीयक विभाग निर्धारित शुल्क लेकर करता है। यह शुल्क जमीन (भूखंड) की लीज प्रीमियम और लीज रेंट पर लगता है। विभाग के संपदा 2.0 पर जब दस्तावेज को पंजीकृत करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर प्रक्रिया करता है तो उसमें शासकीय संपत्ति के तहत मिलने वाली छूट का ऑप्शन तो पोर्टल पर दिख रहा है। लेकिन, प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। संपत्ति के बाजार मूल्य पर ही स्टाम्प ड्यूटी की राशि दर्शा रहा है। ऐसे में जिस काम का शुल्क 1500 से 3 हजार रुपए के आसपास लगता है वह 1 लाख रुपए से ज्यादा दिखा रहा है। सर्विस प्रोवाइडरों के अनुसार इस प्रकार के 100 से ज्यादा केस हैं, यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। प्रक्रिया सर्विस प्रोवाइडर से आगे नहीं बढ़ पा रही है।

संपत्ति खरीद-फरोख्त में पारदर्शिता लाने और धोखाधड़ी से क्रेता-विक्रेताओं और गवाहों को बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 10 अक्टूबर को संपदा 2.0 प्रदेशभर में लागू किया गया था। अब भी कोई न कोई दिक्कत सामने आ रही है। आए दिन जिले में किसी न किसी क्षेत्र के प्लॉट नंबर को दूसरी जगह दर्शा रहा है। ओटीपी सहित अन्य दिक्कतें भी हैं। एक्सपर्ट और हाईकोर्ट वकील महेंद्रसिंह सिसौदिया ने बताया कि सॉफ्टवेयर में नई समस्या आ रही है, जिससे पट्टानामा शेष अवधि नामांतरण में दिक्कत है। नपा क्षेत्र के लीज पट्टा नवीनीकरण तो संपदा 2.0 पर हो रहा है। किसी पट्टाधारी द्वारा संपत्ति किसी और को बेचने के बाद नपा में नामांतरण करवाना होता है, वहां तो हो जाता है। इस शेष अवधि नामांतरण को पंजीयक विभाग में पंजीकृत करवाना जरूरी है। इस दौरान केवल शेष अवधि की प्रीमियम व रेंट राशि पर नॉमिनल शुल्क लगता है। संपदा 2.0 में पंजीकृत करवाने के दौरान नॉमिनल शुल्क का लाभ उठाने के लिए ऑप्शन दे रखा है। उसमें जानकारी भरने के बाद 1500 से 3 हजार रुपए शुल्क लगता है। नए सॉफ्टवेयर पर पंजीयन के लिए दस्तावेज तैयार करते समय ऑप्शन तो दिखा रहा है लेकिन, क्लिक करने के बाद आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे जो भी संपत्ति है उसकी साइज पर गाइड लाइन के अनुसार स्टाम्प ड्यूटी शुल्क जमा करवाने की डिमांड दर्शा रहा है। अब जिस कार्य की फीस 3 हजार रुपए के आसपास हो, उसके लिए एक लाख रुपए क्यों देगा। सर्विस प्रोवाइडर संघ जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार की समस्या आने पर नीमच, मंदसौर कार्यालय सहित भोपाल स्तर पर ऑनलाइन शिकायत की है। निराकरण नहीं हुआ।

### कोई सुनने वाला नहीं...


सर्विस प्रोवाइडरों के अनुसार उनके पास ही कई प्रकरण इस प्रकार के हैं। लोग परेशान हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। सर्विस प्रोवाइडर स्तर पर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है, इसलिए जिले में संख्या ज्यादा हो सकती है। एक उपभोक्ता ने बताया कि शेष अवधि नामांतरण करवाना है। इसकी फीस 1550 रुपए है। लेकिन संपदा 2.0 के सॉफ्टवेयर पर छूट का ऑप्शन नहीं होने से 1 लाख 53 रुपए बता रहा है। इसे लेकर विभाग के साथ जनसुनवाई में भी शिकायत की है, लंबे समय से परेशान हैं।

### लीकेज वॉल ठीक करते समय हुआ हादसा...

# नगर परिषद के फिल्टर प्लांट से क्लोरीन गैस का रिसाव

## घबराए लोग, स्कूल की कर दी छुट्टी, आठ कर्मचारी प्रभावित

**गरोठ, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद के फिल्टर प्लांट में क्लोरीन गैस से भरे सिलेंडर का लीकज वॉल ठीक करते समय वॉल टूट जाने से गैस का रिसाव शुरु हो गया। जिसके चलते गैस हवा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में फैल गई। जिसके चलते लोग दुर्गंध से परेशान हो गए। कई लोगों को जी घबराने की भी जानकारी सामने आई। क्लोरीन गैस की दुर्गंध से परेशान स्कूल संचालकों ने घबराकर अपने स्कूल से तत्काल बच्चों की छुट्टियां कर दी। इस हादसे में 08 कर्मचारी भी प्रभावित हुए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।



जानकारी के मुताबिक गरोठ में शनिवार सुबह नगर परिषद के फिल्टर प्लांट पर क्लोरीन गैस का सिलेंडर लीकेज होने से गैस हवा के साथ आसपास के रहवासी क्षेत्र में फैल गई। जिसकी दुर्गंध के चलते नागरिक परेशान हो गए। घबराए स्कूल संचालकों ने बच्चों की छुट्टियां कर दी। नगर परिषद से करीब 1 किलोमीटर तक के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस दुर्गंध से लोगों का जी घबराने लगा, नगर परिषद के आठ कर्मचारी भी इस गैस के लपेटे में आए हैं। जिन्हें शासकीय चिकित्सालय में उपचार कराया है। नगर परिषद के कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नगर परिषद के फिल्टर प्लांट पर क्लोरीन गैस से सिलेंडर लीकेज हो गई। बताया जाता है कि 2 हजार लीटर का यह सिलेंडर नगर परिषद के फिल्टर प्लांट में अतिरिक्त पड़ा था। जिसके वॉल से गैस लीकेज हो रहा था, जिसे ठीक करने का प्रयास नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहा था। असावधानी पूर्वक किए जा रहे इस कार्य के दौरान वॉल टूट गया और तेज गति से गैस का रिसाव शुरु हो गया। देखते ही देखते गैस हवा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में फैल गई। इस दौरान नगर परिषद के एक कर्मचारी ने हिम्मत जताते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से गैस सिलेंडर को पानी में डाल दिया जिससे कुछ देर बाद स्थिति ठीक हुई। इस दौरान हवा के साथ फैली इस दुर्गंध युक्त गैस से कई लोगों का जी घबराने लगा। हालांकि सभी की स्थिति बाद में ठीक हो गई। गैस की दुर्गंध से करीब दो घंटे के लिए आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गैस की दुर्गंध से नजदीकी स्कूलों के संचालकों ने अपने स्कूल की छुट्टियां कर बच्चों को घर वापस भेज दिया। गैस की दुर्गंध फिल्टर प्लांट से लेकर नए बस स्टैंड के कुछ क्षेत्र तक पहुंची। बताया जाता है कि क्लोरीन गैस का फिल्टर प्लांट पर पानी में उपयोग किया जाता है, इस गैस से पानी के बैक्टीरिया समाप्त होते हैं।



# डंग के क्षेत्र में बदमाश बजा रहे लूट का डंका..!

## किसानों के साथ मारपीट कर लूटे लाखों रूपए

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक हरदीपसिंह डंग का क्षेत्र पुलिस की लापरवाही के चलते अपराधियों और अपराधियों की जद में आ चुका है। यह भी कहा जा रहा हैं कि डंग के क्षेत्र में बदमाश लगातार अपना डंका बजा रहे हैं। शुक्रवार - शनिवार की दरमियानी रात फिर क्षेत्र में किसानों के साथ लाखों की लूट की घटना सामने आई है। इस दौरान किसानों के साथ मारपीट भी की गई। इसके बाद घायल किसानों को झालावाड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर देर शाम को पुलिस यह तय नहीं कर पा रही थी कि लूट का मामला है या आपसी विवाद का। थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति इस मामले में बात करने से ही कतराते नजर आए।

मिली जानकारी के अनुसार जीरापुर के किसानों के साथ लूट की वारदात हुई। किसान लहसुन बेचकर जा रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने किसानों को रोका। उनके साथ मारपीट की गई। बताया जाता है कि उपज बेचकर मिले सात से आठ लाख रुपए बदमाश लेकर चले गए। इधर घायल किसानों को अस्पताल लाया गया। यहां से झालावाड़ रेफर किया गया। इधर लापरवाह पुलिस की स्थिति यह रही कि देर शाम तक मामला ही दर्ज नहीं कर पाई थी। पुलिस यह पता नहीं लगा पा रही थी कि यह लूट का मामला है या आपसी विवाद। इधर सुवासरा थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति भी इस मामले से कुछ कहने से बचते नजर आए। कुल मिलाकर पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते कंजर प्रभावित सुवासरा क्षेत्र में अपराध और अपराधियों में लगातार ईजाफा हो रहा है। पुलिस की सुस्ती का ही परिणाम है कि कंजर एक्टिवीटी फिर से यहां दिखाई भी देने लगी है।

### गाड़ी थाने में, टीआई पहुंचे झालावाड़...

देर शाम तक फिलहाल मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। इधर घटना के बाद किसानों के वाहन को थाने खड़ा कराया गया है। जानकारी के अनुसार इस मामले में टीआई झालावाड़ भी पहुंचे हैं।

# अंचल में बारिश-ओलावृष्टि का अलर्ट

## दिनभर छाए रहे बादल, बढ़ा ठंड का असर

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में बुधवार और गुरुवार को सर्दी का असर कम होने के बाद शुक्रवार को मंदसौर, रतलाम, बड़वानी सहित कई जिलों में वर्षा हुई। साथ ही, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने शनिवार सुबह 8.30 बजे तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में ओलावृष्टिऔर बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। बादल छाए रहने के कारण पूरे प्रदेश में रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।

मंदसौर में शुक्रवार को 18 मि.मी. यानी आधा इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। कुछ क्षेत्रों में मक्का के आकर के ओले भी गिरे। दोपहर बाद शुरू हुई बारिश रात तक होती रही। वहीं, शनिवार को भी बादल छाए हुए रहे। सुबह मध्यम कोहरा भी छाया रहा। मौसम विभाग ने जिले के कुछ क्षेत्रों में आज भी गरज चमक के साथ हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया था। लेकिन, शाम तक हवाएं चलती रही। जिले में अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, वहीं दक्षिण पश्चिम राजस्थान के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण और टर्फ लाइन है। अगले 24 घंटों में सिस्टम कमजोर हो जाएगा। इसके बाद तापमान में गिरावट आएगी। वही कोहरे का भी असर रहेगा।

### आज से बढ़ेगी ठंड...

सिस्टम के गुजरने के बाद प्रदेश में कोहरे और ठंड का असर बढ़ जाएगा। यानी, नए साल के पहले से लोगों को कड़ाके की ठंड के दौर से गुजरना पड़ सकता है। इसके बाद पूरे एक महीने तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है।

# मेलबर्न में भारतीय टीम की वापसी, नीतिश रेड्डी ने ठोंका शतक

**मेलबर्न, 28 दिसम्बर।** मेलबर्न में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। टीम इंडिया ने इस मैच में जबरदस्त वापसी की है और खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट गंवाकर 358 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारत अभी भी 116 रन पीछे है। नीतीश रेड्डी ने बेहतरीन शतक जड़ा। वह फिलहाल 105 रन बनाकर नाबाद हैं। उन्होंने अब तक 176 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया है। मोहम्मद सिराज भी दो रन बनाकर नाबाद हैं। भारत ने शनिवार को पांच..... शेष पेज 4 पर



### मामला बोरे में बंद मिले शव का...

# नहीं हो पाई बालिका की शिनाख्त

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भावगढ़ थाना क्षेत्र में बोरे में बंद मिले बालिका के शव के मामले में पुलिस के हाथ खाली ही है। इसका कारण है कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्ती के लिए पुलिस प्रयास में जुटी हुई है। आसपास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदगी के प्रकरणों को भी देखा जा रहा है। इसके अलावा मुखबिरों को भी अलर्ट किया गया है। इस मामले में पुलिस ने फिलहाल हत्या का केस दर्ज किया है।

शुक्रवार देर शाम भावगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मजेसरा ढाबे के पास झाडि?ों में करीब 13 वर्षीय अज्ञात बालिका का संदिग्ध अवस्था में शव बोरे में मिला है। गांव के चौकीदार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। वहीं शिनाख्ती के लिए आस-पास के थाने में जानकारी भेजी गई है। शव की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार सुबह डाक्टरों की पैनल द्वारा पीएम किया गया। भावगढ़ पुलिस ने बताया कि चौकीदार द्वारा सूचना दी गई कि ढाबे के पास बोरे में एक संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो शव बालिका का था। शनिवार सुबह शव का पीएम कराया गया।

### सनसनीखेज मामला...

यह मामला सनसनीखेज मामलों में से एक है। इसका कारण है कि इस मामले में हत्या ही नहीं, बल्कि दुष्कर्म की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि अभी पुलिस ने हत्या की धाराओं में ही केस दर्ज किया है।

## दो पक्षों में मारपीट, 8 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ आरोपियों पर केस दर्ज किया। बही पार्श्वनाथ निवासी नागेश्वर पिता उदयराम पाटीदार ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव में हिन्दूसिंह के बाड़े में ताप रहे थे, इसी दौरान बालागुढ़ा की ओर से बालागुढ़ा निवासी आयुष पिता पुष्कर पाटीदार, पीयूष पिता कमलेश पाटीदार आए और बोले की तू बालागुढ़ा सरपंचव का बहुत मददगार बन रहा है। दोनों ने लट्ठ से मारा, इस दौरान बालागुढ़ा निवासी पुरुषोत्तम पिता मदनलाल पाटीदार व नारायणगढ़ निवासी विशाल पाटीदार व राज बब्बर पाटीदार भी आए। सभी ने मिलकर लट्ठों से मारपीट की, जिससे हाथ, मूह, होठ पर खून निकलने लगा। पुलिस ने पांचों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह बालागुढ़ा निवासी आयुष पाटीदार ने प्रकरण दर्ज कराया कि मैं मेरी भुआ के लड़के नारायणगढ़ निवासी अभिषेक पिता दशरथ पाटीदार के साथ चौपाटी से खोखरा होते हुए बालागुढ़ा जा रहा था इसी दौरान बही पार्श्वनाथ निवासी परीक्षित पिता कमलेश पाटीदार, राहुल पाटीदार, शौकीन पाटीदार तीनों मिले और पावागढ़ माताजी पर बात-चीत करने की बोला, वहां गाली-गलौज कर हमारे साथ लकड़ी, डंडों से मारपीट की। अभिषेक की बाइक को भी काफी नुकसान हुआ। पांव, पीठ, हाथ, पांव पर चोंटे आई। पुलिस ने तीनो पर केस दर्ज किया।

## ट्रेक्टर-ट्राली से पकड़ा 320 किलो डोडाचूरा, 2 फरार

**पिपलियामंडी, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने बिना नम्बर के ट्रेक्टर में 320 किलो डोडाचूरा पकड़ा। मामले में दो आरोपी फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। मुखबिर की सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने डिगाव - बिशनिया मार्ग बोलिया फन्टे पर नाकाबंदी कर एक बिना नम्बर की ट्रेक्टर को रोकने की कौशिश की, इससे पहले ट्रेक्टर ड्राइवर व साइड में बैठा व्यक्ति ट्रेक्टर को दूर छोड़कर फरार हो गए। अंधेरा होने से पुलिस आरोपियो को नही पकड़ पाई। ट्रेक्टर के पीछे ट्राली में 16 कट्टों में भरा 3 क्विंटल 20 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में ट्रेक्टर छोड़कर भागे अर्जुन डांगी व गोर्धन डांगी की तलाश कर रही है।

# सरकारी बजट के अभाव में भारत के लिए नया ज्ञान खोजने वाले शोधार्थी बेकार हो जाएंगे..!

**मंदसौर/उज्जैन, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुनिया के सभी देशों में नई टेक्नोलॉजी पाने के लिए अपने देश में शोधार्थी तैयार कर उनके लिए बजट स्वीकृत कर नई खोजें कराई जाती है। इस स्पर्धा के कारण शोधार्थी हर क्षेत्र में लगातार शोधकर नई तकनीकी ईजाद कर अपने देश को अव्वल बनाए रखने के लिए स्पर्धा करते रहते हैं। गूगल और स्मार्टफोन के युग में सभी जानते हैं कि बिजली से चलने वाले वाहन आसानी से मिल रहे हैं ।नई तकनीक वाले वाहन 2 से 5 मिनट में पूरी तरह चार्ज हो जाएंगे और ज्यादा किलोमीटर का सफर भी तय करेंगे। चांद से लेकर मंगल तक की यात्रा, आज कुछ ही सैकंड में सात समुंदर पार संदेश मेल से, वॉट्सएप से भेजे जा रहे हैं। यह शोध के बाद नई टेक्नोलॉजी का कमाल है। दुनिया के राष्ट्रों में इसलिए शोध पर बजट बढ़ने लगा और नई खोज भी सामने आने लगी है। इसका लाभ आम आदमी से लेकर अति विशिष्टलोगों को मिल भी रहा है।



चन्द्रमोहन भगत

दुनिया भर के देशों के शोध मंथन करने वाले शोधार्थियों पर सरकारे कितना खर्च करती है, कितनी सुविधाएं देती है। दुनिया भर के कई शोधार्थी अपनी खोज पर नोबेल पुरस्कार भी पा चुके हैं। इनमें भारतीय वंश के शोधार्थी भी शामिल है। अनेक राष्ट्र अपने देश के शोध कार्यों के लिए बजट अधिक रखते हैं। यह राष्ट्रों के सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत में बताया जाता है। प्रगतिशील राष्ट्रों में शोधार्थियों का आंकड़ा कुछ इस प्रकार है । 10 लाख जनसंख्या पर भारत में 255 इजराइल में 8432 स्वीडन में 7597 कोरिया में 7498 शोध कार्यों में लगे रहते हैं। अमेरिका जैसा देश रिसर्च पर सालाना 750 बिलियन डॉलर खर्च करता है। जबकि, चीन 450 और भारत मात्र 2 बिलीयन डॉलर्स खर्च करता है। भारत में सभी विधाओं के एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय हैं। बीते सत्र में उनके बजट में कोई इजाफा नहीं किया गया है। उल्टे विदेश से शोध के लिए मांगे जाने वाले सप्लीमेंट एजेंट जो पहले टैक्स मुक्त थे, उन पर भी व्यावसायिक स्तर का टैक्स लगा दिया गया है। यानी शोध प्रक्रिया को रोकने या पाबंदी लगाने जैसा।

सन 2005 में भारत की 10 शीर्ष संस्थाओं को रिसर्च के लिए राशि जीडीपी की 0.82 प्रतिशत मिलती थी। 2023 में घटाकर 60 प्रतिशत कर दी गई है। अंदाज लगाया जा सकता है कि भारत के शोधार्थी अपने शोध कार्यों को कैसे जारी रख पा रहे होंगे। वर्तमान एनडीए सरकार के समय में ऐसा होना इसलिए चर्चा का विषय बन रहा है कि सरकार बनने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन योजनाओं पर और अधिक राशि खर्च की जरूरत बताते हुए यूपीए सहित पूर्व की सरकारों की आलोचना की थी। अब विपक्ष के साथ प्रबुद्ध वर्ग जिन्हें राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, सरकार किसी की भी बने पर राष्ट्र की प्रगति के लिए कटिबद्ध रहते है, आवाज उठाते हैं। ऐसे ही संगठन विपक्ष के इस आरोप से सहमत हैं कि एनडीए सरकार औद्योगिक घरानों की मदद के लिए खजाना खोल देती है जो सिर्फ अपना लाभ अर्जित करते हैं। जबकि, शोधार्थी छात्र राष्ट्र की प्रगति के लिए काम करते हैं। अगर इनके लिए ऐसे ही बजट घटता गया तो तकनीक की दुनिया में देश बहुत पीछे रह जाएगा। बानगी देखिए वर्तमान दौर में बैटरी और चिप पर ही सभी देश स्पर्धा कर रहे हैं।अमेरिका, चीन, ताइवान, कोरिया जैसे अनेक देशों ने माइक्रो नैनो चिप तक बना लेने की तैयारी कर ली है। जबकि, भारत में अभी 25 से 40 एमएम की चिप की उपलब्धता भी दूसरे देशों के सहारे हो पा रही है। विज्ञान जगत और इसके महत्व को समझने वाले शोधार्थी मेहनत तो कर सकते हैं। पर फंड के बगैर कुछ कर नहीं पाएंगे। इसके उलट सरकार की बेरुखी इन्हें हथियार डालने को मजबूर कर रही है।

# आज साल का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात, वेधशाला में दिखेगा ये नजारा

**उज्जैन, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** साल का सबसे सबसे छोटा दिन व सबसे बड़ी रात 21 दिसंबर शनिवार को होने वाली है। सूर्य 21 दिसंबर को अपने दक्षिणतम बिंदु पर होगा, तब दोपहर के समय अपने निम्नतम बिंदु पर सूर्य नजर आएगा। दिन 10 घंटे 41 मिनट व रात 13 घंटे 19 मिनट की होगी।

खगोलीय घटना को उज्जैन की जीवाजी वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से दिखाया जाएगा। वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिभ्रमण के कारण इस साल 21 दिसंबर को सूर्य मकर रेखा पर लंबवत होगा। आज के दिन सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 16 विकला दक्षिण होगी। जिससे भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित देशों में सबसे छोटा दिन तथा सबसे बड़ी रात होगी। आज 21 दिसंबर को उज्जैन में सूर्योदय का समय 7 बजकर 04 मिनट तथा सूर्यास्त 5 बजकर 45 मिनट पर है। जिससे उज्जैन में दिन की अवधि 10 घंटे 41 मिनट तथा रात की अवधि 13 घंटे 19 मिनट की होगी। सूर्य सायन मकर राशि में प्रवेश करेगा। 21 दिसंबर के बाद सूर्य की गति उत्तर की ओर दृष्टिगोचर होना प्रारंभ हो जाती है, जिसे सायन उत्तरायण का प्रारंभ कहते हैं।



### दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे

सूर्य की उत्तर की ओर गति होने के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। 20 मार्च 2025 को सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत् होगा। तब दिन-रात बराबर होंगे। इस घटना को शंकु यंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। इस दिन शंकु की छाया सबसे लंबी होकर पूरे दिवस मकर रेखा पर गमन करती हुई दृष्टिगोचर होगी।





## कश ट्राफी अखिल भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट....

# पंजाब पुलिस और राजस्थान पुलिस ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई

### आज दोनों टीमों के बीच दोपहर 2:00 बजे होगा फाइनल मुकाबला

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में चल रही 6 दिवसीय स्वर्गीय जितेंद्र सिंह मसराम और स्वर्गीय गौरव गिरवाल स्मृति कश ट्रॉफी अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट के 5वें दिन सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। यह आयोजन मंदसौर के शासकीय पी जी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। कल शाम हुई भारी बारिश के बाद हुए कीचड़ से मैदान की हालत बहुत ही खराब हो चुकी थी। लेकिन आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने सुबह 7 बजे से ही मैदान को खेलने लायक बनाने में काम शुरू कर दिया था। दोपहर तक होते होते आयोजन समिति ने मैदान को सेमीफाइनल के लिए तैयार कर दिया। मैदान की स्थिति देखकर सभी बाहर से आई हुई टीमों के खिलाड़ियों और कोच तथा मैनेजर ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों की मेहनत की बहुत तारीफ करी और इतने कम समय में मैदान को खेलने लायक बनाने के लिए बधाई दी।

सेमीफाइनल के दिन की शुरुआत अतिथियों द्वारा दिवंगतों के चित्र पर पुष्पांजलि देकर की गई उसके बाद सभी अतिथियों ने टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

पहला सेमीफाइनल मैच पंजाब पुलिस और तमिलनाडु पुलिस के बीच खेला गया। दोनो ही टीमें अपने जबरदस्त खेल के लिए पूरे भारत में विख्यात है। पहला हाफ शुरू होते ही दोनों ने जी जान लगा कर एक दूसरे पर दबाव बनाने में लग गई। तमिलनाडु पुलिस पिछली बार का बदला लेने के लिए आतुर दिखी। लेकिन पंजाब के खिलाड़ियों ने तमिलनाडु पुलिस के ऊपर शुरू से दबाव बना शुरू कर दिया था जिसका फायदा उनको 30वें मिनट में मिला जब पंजाब पुलिस के खिलाडी ने बहुत ही शानदार तरीके से तमिलनाडु की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल मार कर पंजाब पुलिस को 1–0 से बढ़त दिला दी। तमिलनाडु के खिलाडी बहुत बार पंजाब की रक्षापंक्ति को भेदने में लगे रहे लेकिन सफलता नहीं लगी। पहले हाफ में पंजाब ने 1–0 से बढ़त बना ली थी। दूसरा हाफ शुरू होते ही तमिलनाडु ने पंजाब के ऊपर दबाव बनाना शुरू किया और एक के बाद एक गोल के मौके बनाए लेकिन कोई भी गोल मारने में सफल नहीं हो सका। जब लगा कि तमिलनाडु की टीम पंजाब के ऊपर हावी होने जा रही है, उसी समय पंजाब ने अपनी तरफ से अन्दर खेलने वाले खिलाड़ियों को बदल कर नए खिलाडी उतार दिए और इसका फायदा उनको तब मिला जब नए खिलाड़ियों ने आपसी तालमेल बना कर तमिलनाडु के ऊपर 1 और गोल मार दिया और तमिलनाडु के खिलाड़ियों के जीतने के मौके को और धूमिल कर दिया। मैच समाप्त होने तक तमिलनाडु एक भी गोल नहीं कर सकी और पंजाब पुलिस ने 2–0 से सेमीफाइनल जीत कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। आज के इस सेमीफाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच पंजाब पुलिस से जर्सी नंबर 11 गुरतेज सिंह को दिया गया। अतिथियों द्वारा गुरतेज को ट्रॉफी प्रदान की गई।

पहल सेमीफाइनल मैच समाप्त होते ही आयोजन समिति ने मैदान पर रोलर चलवा कर मैदान को और भी बेहतर स्थिति में ला दिया, ताकि दूसरा सेमीफाइनल मैच खेलने में दोनों टीमों को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पडे। दूसरा सेमीफाइनल मैच राजस्थान पुलिस और सीआरपीएफ जालंधर के बीच खेल गया। दोनो ही टीमें अपने शांत और सधे हुए खेल के लिए प्रसिद्ध है। एक और जहां पंजाब पुलिस और तमिलनाडु के बीच हुआ पहला सेमीफाइनल मैच गर्माहट और गहमागहमी भरा था वहीं खेला गया दूसरा सेमीफाइनल बहुत ही शांत और सधा हुआ था। दोनो टीम के खिलाड़ियों ने एक दूरी के ऊपर गोल मारने के काफी प्रयास किए लेकिन दोनों ही टीमें गोल मारने में असफल रही। पहला हाफ बिना गोल के 0–0 की बराबरी पर रहा। दूसरा हाफ शुरू होते ही दर्शकों की तरफ से दोनों टीमों के खिलाड़ियों पर गोल मारने के लिए इनाम की घोषणा की गई, ताकि दोनों टीम में से कोई भी खिलाडी गोल मारने का मौका बनाए। लेकिन आखिरी समय तक कोई भी गोल मारने में सफल नहीं हो सका। मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से निकालने के लिए दोनों टीमों की तरफ से 5–5 खिलाड़ियों के नाम रेफरी को दिए गए जो कि पेनल्टी शॉट लेंगे। पहले 3 पेनल्टी शॉट दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल में तब्दील किए लेकिन राजस्थान के गोलकीपर ने जालंधर के खिलाडी का चौथा शॉट बचा कर अपनी टीम को 4–3 की बढ़त दिला दी। राजस्थान किंतरफ से अंतिम पेनल्टी शॉट लेने आए खिलाडी ने अंतिम पेनल्टी शॉट को बाहर मारकर जालंधर की जीत की उम्मीदों को कायम रखा, लेकिन जालंधर के खिलाडी जो उनकी तरफ से अंतिम पेनल्टी शॉट लेने आए थे वह अपने शॉट को गोल में नहीं रख सके और उनका शॉट गोलपोस्ट से टकरा कर बाहर हो गया। इसके कारण राजस्थान पुलिस ने पेनल्टी शूटआउट को 4–3 से जीत कर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे राजस्थान के गोलकीपर जर्सी नंबर 31 मनिंदर सिंह, जिनको क्लब के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी प्रदान की।

**सेमीफाइनल के मैचों को निष्पक्षता पूर्वक समाप्त करवाने में निम्न रेफरियों की भूमिका मुख्य रही :** पहले सेमीफाइनल मैच के सेंटर रेफ़री-पुनीत निर्वाण, सहायक रेफ़री-शिवम नंदराज, सहायक रेफ़री-शेख़ कुनैन क़ुरैशी और फोर्थ रेफ़री-अनूप मंडल थे। दूसरे सेमीफाइनल मैच के सेंटर रेफ़री-शिवा नंदा, सहायक रेफ़री-अनूप मंडल, सहायक रेफ़री-मुकेश टेलसी, फोर्थ रेफ़री-शेख़ कुनैन क़ुरैशी रहे। इन दोनों सेमीफाइनल मैचों की आंख और कान जिन्होंने बारीकी से दोनों मैचों के निर्णय और खेल पर बारीकी से ध्यान रखा वो थे मैच कमिश्नर श्री अमित शुक्ला के कारण दोनों सेमीफाइनल मैच बिना किसी पक्षपात के संपन्न होना संभव हो सका। आज के सेमीफाइनल मैच के दिन के मुख्य अतिथि मंदसौर नगर के विधायक श्री विपिन जैन, मंदसौर सीएसपी श्री सतनाम सिंह, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष और क्लब उपाध्यक्ष श्री अरविंद सारस्वत, मंदसौर पी. जी. कॉलेज के खेल अधिकारी श्री राजू कुमार, वरिष्ठ पत्रकार श्री नरेंद्र अग्रवाल और प्रकाश जी सिसौदिया जी, पत्रकार श्री विपिन चौहान जी, विशेष अतिथि में मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के मैच कमिश्नर और एमपी टीम मैनेजर श्री नीरज शर्मा, क्लब अध्यक्ष श्री भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, क्लब सचिव श्री ईश्वर सिंह चौहान, टूर्नामेंट संयोजक श्री विपिन शर्मा, मुजम्मिल काज़ी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, गोरधन सिंह चौहान, कमल कंडारे, दीपक शर्मा, अक्षय उपाध्याय, अंकित मंडोवरा, अजू नागोरी, राहुल नागौरे, अंशुल शर्मा, विजय तनान, मेहुल अग्रवाल, चरण सिंह, आमीन चौधरी जी, मनीष गुर्जर, दक्ष गौड आदि सदस्य उपस्थित।

# शिक्षक–अभिभावक बैठक सम्पन्न, 200 अभिभावक हुए शामिल



**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 मंदसौर में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा हेतु शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले छात्रों के लगभग 200 अभिभावक और संपूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

बैठक में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार आप अपने बच्चों की प्रगति को लेकर जागरूक है उसी प्रकार सभी अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति जागरूक होकर शिक्षकों के संपर्क में रहते हुए विद्यालय की गतिविधियों से अवगत रहना चाहिए। विद्यालय की रेमेडियल प्रभारी श्रीमती कीर्ति सक्सेना द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के लिए नवाचार अंतर्गत विद्यालय में लागू की गई दत्तकयोजना के बारे में बताया गया साथ ही वन लाइनर और रेमेडियल अभ्यास पुस्तिका से बच्चे किस प्रकार अध्ययन कर रहे हैं ?स्थानीय और बोर्ड परीक्षा प्रणाली क्या है? परीक्षाओं का टाइम टेबल निर्धारित हो चुका है बच्चे घर पर किस प्रकार अध्ययन करें , पालकों की उनके प्रति क्या जिम्मेदारी है इन सभी बातों से पलकों को अवगत कराया गया। साथ ही अभिभावकों को यह भी बताया कि विद्यार्थियों के विकास में केवल शिक्षक ही नहीं अभिभावक की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है आप भी इसमें पूर्ण रूप से सहभागिता करें वार्षिक परीक्षाएं बहुत नजदीक आ गई है अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम देखे हुए किस प्रकार इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो उसके लिए कुछ टिप्स दिए गए। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना शर्मा द्वारा अभिभावकों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति सक्सेना द्वारा किया गया। व अंत में आभार परीक्षा प्रभारी श्री निशिकांत त्रिवेदी ने किया।

# मंदसौर जिला माहेश्वरी समाज ने पोथी पूजन किया

### कथा प्रवक्ता डॉ. गोस्वामी व बाहेती परिवार का किया बहुमान



**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी भवन (रुद्राक्ष)नयापुरा रोड़ पर श्री कृष्णचंद-सुनीता बाहेती व बाहेती परिवार द्वारा आयोजित हो रही भागवत कथा के अवसर पर मंदसौर जिला माहेश्वरी समाज ने पौथी पूजन किया एवं इस दौरान व्यासपीठ पर विराजित कथा प्रवक्ता श्री पुष्टी मार्गीय वल्लभ संप्रदाय के डॉ.ब्रजोत्सवजी गोस्वामी व कथा के यजमान श्री बाहेती परिवार का शाल, श्रीफल व पुष्पमाला से अभिनन्दन किया गया। उल्लेखनीय है कि माहेश्वरी भवन पर सात दिवसीय भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा श्रवण करने आ रहे है। कथा के छटवें दिन मंदसौर जिला माहेश्वरी समाज ने पोथी पूजन व महाराजश्री एवं बाहेती का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मन्दसौर जिला माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष पंकज डागा, सचिव मनीष सोमानी, प्रदेश आंचलिक उपाध्यक्ष बाबूलाल डागा, रमेशचंद्र लढ्ढा, रमेश परवाल, कैलाश छापरवाल, राजेश कासट, गोपाल पसारी, रीतिन मंत्री, मुकेश लढ्ढा आदि उपस्थित थे।

# गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में संगीत महाविद्यालय के चार छात्र



**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा तानसेन समारोह के शताब्दी वर्ष के अवसर पर 15 दिसंबर 2024 को कर्ण महल किला, ग्वालियर में आठ वाद्य यंत्रों की समवेत प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया ।अत्यन्त हर्ष का विषय लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय, मंदसौर के तीन छात्र वायलिन में मुकेश गंधर्व, देवांश मालवीय, पंकज गंधर्व और छात्र त्रिलोक गंधर्व बांसुरी वादन में अपना नाम दर्ज़ करवा कर आएं है।

इस आयोजन में केबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ.उषा अग्रवाल, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्रिवेदी महा विद्यालय स्टाफ संग समस्त छात्रों और अभिभावक संग संगीत कला प्रेमियों ने शुभ कामनाएं दी ,सराहा और महा विद्यालय के वायलिन गुरु आशीष जैन और राजमल गंधर्व द्वारा दी गई सीख और तैयारी जो करवायी गई उस हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पूर्व में भी संस्था ने तबला और कथक में अपना नाम दर्ज़ कर उपलब्धि हासिल की थी। इन छात्रों को 25 तारीख तबला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमाणपत्र प्रदान कर शुभ कामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर दीपक राव ,निशांत शर्मा, अतुल साकेत, वायलिन गुरु आशीष जैन, राजमल गंधर्व सन्नाली शर्मा, राहुल सोनी, संचालन सुश्री अल्पना रानी गांधी ने किया।

# आज से नरसिंहपुरा में श्री हनुमन्त कथा प्रारंभ होगी



**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 29 दिसम्बर से 4 जनवरी तक नरसिंहपुरा स्थित कुमावत धर्मशाला में संगीतमय सात दिवसीय श्री हनुमंत कथा होने जा रही है। प.पू. हनुमान सेवक पं. श्री दिलीप व्यास प्रतिदिन दोप. 1 से सायं 4 बजे तक श्री हनुमंत कथा का श्रवण करायेंगे। पं. दिलीप व्यास कई नगरों एवं गावों में भागवत कथा, श्री राम कथा कर चुके है वे नरसिंहपुरा की कुमावत धर्मशाला में में श्री हनुमंत कथा करायेंगे। कथा के शुभारंभ अवसर पर दिनांक 29 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे पोथी यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर नरसिंहपुरा से प्रारंभ होगी तथा कुमावत धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद दोप. 1 बजे से प्रतिदिन श्री हनुमंत कथा के प्रसंगों का श्रवण करायेंगे। वे 29 दिसम्बर को श्री हनुमंत कथा का महत्व, 30 दिसम्बर को शिव पार्वती विवाह, 1 जनवरी को हनुमान जन्मोत्सव का प्रसंग श्रवण करायेंगे तथा इसके बाद वे 3 जनवरी को सीता स्वयंवर व 4 जनवरी को हनुमानजी की लीलाओं का वर्णन श्रवण कराया जावेगा। श्री हनुमंत भक्त मण्डल, भागवत ज्ञान सागर सेवा समिति, सामाजिक समरसता मंच विहिप, जिला धार्मिक उत्सव समिति, श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक संस्था के द्वारा आयोजित इस कथा में अधिकाधिक धर्मालुजनों की संख्या सुनिश्चित हो, इसके लिये नरसिंहपुरा एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में संस्थाओं के द्वारा निरंतर बैठके की जा रही है तथा कथा के पत्रकों का वितरण कियाजा रहा है। आयोजन से जुड़े धर्मालुजन वरदीचंद कुमावत, कैलाश पालीवाल, अंकुश पालीवाल, जितेन्द्र पाटीदार, अभिजीत मण्डलोई, भरत ओझा, रविन्द्रसिंह जादोन, प्रमोद चौरड़िया, रामावतजी, पूजा ठाकुर, मीनाक्षी पंवार, रेखा जोशी आदि प्रतिदिन नरसिंहपुरा व उसके आसपास क्षेत्रों में सम्पर्क कर पत्रकों का वितरण कर रहे है।



## आरव बाफना ने स्वर्ण पदक जीता

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के आरव बाफना (9 वर्ष) ने ऐक्या अकादमी, नीमच द्वारा आयोजित 6 किमी नीमच मैराथन में अंडर 14 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैराथन में कुल 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रभु सर, सुधा मैम, अभिषेक सेठिया, आयुष सर, नीलेश सर, अभिषेक सर, रोहित सर, धीरेंद्र सर, राकेश सर ने आरव को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राज्यसभा सांसद गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने निरीक्षण किया



**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिवना बैराज दाब युक्त वृहद सिंचाई परियोजना में पेयजल हेतु मंदसौर नगर को भी शामिल किस प्रकार किया जा सकता है इसे सुनिश्चित करने के लिए कल शनिवार को राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर व नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान इस अवसर पर भाजपा नेता व पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्री सुनील जैन महाबली पूर्व जनपद सदस्य शिवनारायण गुर्जर वरिष्ठ नेता जगदीश गुर्जर ढिकोला जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एवंअन्य अधिकारीगण कर्मचारीगण भी साथ थे

श्री गुर्जर व श्रीमती गुर्जर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की टीम को साथ लेकर ढिकोला के समीप शिवना नदी के तट पित्याखेडी के पास वरदल क्षेत्र का निरीक्षण किया और योजना के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि यह योजना सिंचाई के लिए इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी इससे 60 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी इस योजना की मंजूरी मिलने पर हम सभी माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभारी है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने अधिकारियों को कहा कि शिवाना बैराज दाब युक्त वृहद सिंचाई परियोजना में पेयजल हेतु मंदसौर नगर को शामिल किए जाने हेतु एक मांग पत्र माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भेजा गया है विभाग के अधिकारीगण कर्मचारीगण मंदसौर नगर को भी इस योजना का लाभ मिले और नगर को पेयजल की सुविधा मिल सके इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें।



## संभाग स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में नि:युद्ध गुरुकुल के तीन खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के खेल कैलेंडर अनुसार 27 दिसंबर को संभाग स्तरीय निशानेबाजी (राइफल और पिस्टल) प्रतियोगिता का आयोजन उज्जैन में किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज मंदसौर के 10 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में वर्षा सेन प्रथम स्थान और चेतना पाटीदार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं पुरुष वर्ग में तरुण शर्मा ने 5वें स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के ये तीनों खिलाड़ी चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में विक्रम यूनिवर्सिटी की ओर से सहभागिता करेंगे। मंदसौर के ये सभी खिलाड़ियों ने नियुद्ध गुरुकुल की शूटिंग रेंज मंदसौर के प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी के निर्देशन में तैयारी की और ये उपलब्धि हासिल की। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर.के. वर्मा, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के फाउंडर नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव एवं नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के सभी पदाधिकारीयो ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# गौ माता की सेवा राष्ट्र विकास का प्रमुख आधार है-पंकज कृष्ण महाराज






**नीमच, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री कृष्ण ने भी गौ सेवा की और गाय पालन का संदेश संसार को दिया। गौ माता जीते जी गोबर का खाद और दूध पिलाकर संसार का पालन करती है। मरने के बाद उसकी हड्डियां खाद बनकर खेतों में संसार पालन में सहयोगी बनती है। इसलिए गौमाता जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी मानव सेवा करती है। इसलिए गौ माता की रक्षा करना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य होता है।गौ माता की सेवा ही राष्ट्र विकास का प्रमुख आधार है।यह बात स्पेंटा पेट्रोल पंप के पीछे स्थित श्री शनिदेव मंशा पुर्ण महादेव मंदिर इंदिरा नगर नीमच के श्रीमद्भागवत पांडाल में आप और हम प्रेमी जन मंडल नीमच के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा में श्रीमद् भागवत प्रवक्ता पंकज कृष्ण महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण का जेल में जन्म होना संसार को यह संदेश देता है कि विषमताओं में भी सकारात्मक सोच हो तो कठिन से कठिन लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है ।वक्षासुर वध संसार को यह संदेश देता है कि यदि मन की चंचलता सादगी सरलता छूट जाएगी तो संसार में सफलता नहीं मिलती है। परमात्मा की प्राप्ति के लिए पूजा पाठ में मन की चंचलता को त्यागना होगा और मन से परमात्मा को समर्पित भाव से याद करना होगा तभी परमात्मा मिल सकते हैं। अघासुर राक्षस का वध यह संदेश देता है कि परमात्मा को प्राप्त करना है तो संसार में रहते हुए आलस्य को त्याग कर परमात्मा की भक्ति करना होगी तभी सफलता मिल सकती है। कालिया नाग का मर्दन यह संदेश देता है कि यदि जल सरंक्षण नहीं किया तो संसार में जीना कठिन हो जाएगा। गोवर्धन पर्वत पूजन हमें यह संदेश देता है कि यदि हमने पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा नहीं की तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाएगा और बरसात नहीं होगी यदि हम क्षेत्र में अच्छी बरसात चाहते हैं तो पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करें। हम हर पल परमात्मा को याद करें और दान पुण्य कर उन्हें परमार्थ के पुण्य कर्म करें तभी हमारे जीवन में सफलता मिल सकती है।

परमात्मा को गाय के शुद्ध घी का दीपक लगाएं तो ओजोन मंडल के होने वाले छेद भी भर सकते हैं। सभी लोग और युवा वर्ग अपना जन्मदिन विवाह की वर्षगांठ दादा दादी की पुण्य स्मृति आदि मांगलिक कार्यक्रमों को गौशाला में गौ सेवा कर मनाना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल और सार्थक सिद्ध हो सकता है और तभी गौ माता की रक्षा भी साथ-साथ हो सकती है। गौ माता की सेवा का फल अश्वमेध यज्ञ के फल के समान होता है। गौ माता की सेवा करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस अवसर पर भगवान को भोग लगाकर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। आरती में श्रीमती मालती चांदमल नागर, सोनू शर्मा, पार्षद हरगोविंद दीवान, सहभागी बने।

**कृष्ण जन्म में जय कन्हैया लाल की की जय घोष लगी**–भागवत कथा के मध्य जब पंकज कृष्ण महाराज ने कृष्ण जन्म का प्रसंग बताया तो श्री बाल कृष्ण जी की झांकी ने भक्ति पंडाल में प्रवेश किया। तो श्रद्धालु भक्तों ने पुष्प वर्षा से स्वागत कर अगवानी की ।बाल कृष्ण नन्हे आठ माह के बालक विनायक वर्षा सोनु शर्मा को श्रंगारित किया गया। भक्ति पंडाल में जय जय श्री कृष्ण की जय घोष लगने लगी।

# आज की टेक्नोलॉजी और एआई ने बुद्धि को दो इंच की स्क्रीन तक सीमित कर दिया है–शारदा दीदी



**नीमच, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज के विज्ञान ने साधन तो दिये लेकिन मनुष्य की साधना समाप्त होती जा रही है। आधुनिक संसार तो दिया लेकिन संस्कार समाप्त होते जा रहे हैं, इंसानों ने अपना शरीर रूपी चित्र तो सजाया लेकिन चरित्र का पतन होता जा रहा है, इसका परिणाम यह है कि आज का विश्व घोर अशांति और तनाव में जी रहा है। हर कोई भय ग्रस्त है.. असुरक्षित है.. आज बच्चे से लेकर बूढ़े तक क्रोध के वशीभूत हैं। चैन की नींद बहुत दूर चली गई है। ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि सामाजिक जीवन से आध्यात्मिक मूल्य समाप्त हो गए हैं। मनुष्य केवल मशीन बनकर रह गया है। उपरोक्त विचार विश्व विख्यात प्रेरक वक्ता बी.के.शारदा दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ सदभावना सभागार में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। आपने आज की मातृ शक्ति को चेतावनी देते हुए कहा कि आई.टी. और ए.आई. ने बच्चों से लेकर बड़ों तक सबकी बुद्धि को दो इंच के स्क्रीन तक समेट दिया है। धीरे धीरे सबका मौलिक चिंतन समाप्त हो रहा है। एक छोटी सी गणना के लिए भी आज का बच्चा केल्कुलेटर का सहारा लेता है। इन सबका उपयोग करते हुए यदि हम अपनी आध्यात्मिक चेतना और मूल्य जागृत नहीं करेंगे तो ये संसार कहां थमेगा..?

महिला सम्मेलन का शुभारंभ बी.के.शारदा दीदी, बी.के.सविता दीदी, ज्ञानोदय विश्व विद्यालय की कुलाधिपति डॉ. माधुरी चौरसिया, आई.एम.ए.की अध्यक्ष डॉ. सुजाता गुप्ता, सी.टी.सी. के आई.जी. की धर्मपत्नि श्रीमती रजनी दत्ता, आर.टी.सी. के डी.आई.जी. की पत्नि श्रीमती आशा सूद, रेंज डी.आई.जी. की धर्मपत्नि श्रीमती सुरजीत कौर एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती तृप्ति दुआ आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शारदा दीदी का स्वागत डॉ. माधुरी चौरसिया ने तथा सविता दीदी का स्वागत श्रीमती रजनी दत्ता ने किया तथा कु.पलक एवं कु. रिषिका ने सुन्दर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संचालक बी.के.श्रुति बहन ने इस सम्मेलन की प्रमुख वक्ता बी.के.शारदा दीदी को जब उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया तो सारा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में सी.आर.पी.एफ. के अलावा अग्रवाल समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, सिंधी समाज, खण्डेलवाल समाज, पोरवाल समाज आदि संगठनों के पदाधिकारी महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इनके अलावा कॉलेज की महिला प्रोफेसर्स, डॉक्टर्स आदि प्रमुख महिलाऐं भी सम्मिलित हुई तथा ज्ञानोदय ग्रुप द्वारा अतिथियों को मोमेन्टो के साथ शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस महिला सम्मेलन में आगंतुक महिलाओं का आत्म स्मृति का तिलक प्रदान कर ओमशांति लिखित केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा सम्मेलन के समापन पर सभी को पवित्र प्रसाद वितरित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन राजयोगिनी बी.के.सविता दीदी ने किया।

## धानासुता में आपसी विवाद के दौरान पीट पीट कर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले ...

# दो आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा

**रतलाम, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** करीब चार वर्ष पूर्व समीपस्थ ग्राम धानासुता में आपसी झगड़े में एक व्यक्ति के साथ लाठी डंडो से मारपीट कर



उसकी नृशंस हत्या करने वाले दो आरोपियों रूघनाथ उर्फ भुरा पिता हिरालाल गायरी उम्र 43 वर्ष और मुबारिक शाह उर्फ लल्ला पिता याकूब शाह उम्र 56 दोनो निवासी ग्राम धानासुता थाना बिलपांक को जिला न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश निर्मल मंडोरिया ने हत्या के लिए दोषसिद्ध करते हुए धारा 302 भादवि में सश्रम आजीवन कारावास एवं 5000-5000रु अर्थदंड से दंडित किया गया।

जिला लोक अभियोजन अधिकारी जी.पी.घाटिया ने बताया कि थाना बिलपांक पर पदस्थ सउनि केशरसिंह यादव को मर्ग जाँच प्राप्त हुई। मर्ग जाँच में मृतक रमेश पिता भागीरथ के शव का लाश पंचायतनामा बनाने हेतु साक्षी राजेश राठौर, सुरेश पण्ड्या, शिवनारायण मालवीय, गोपाल प्रजापत व नन्दलाल राठौड़ निवासीगण धानासुता को मर्चुरी रूम सीएच रतलाम में तलब कर उनकी उपस्थिति में शव पंचायतनामा लाश लिया गया। मृतक रमेश के शरीर पर बाँयी कोहनी व दाहिनी कोहनी के नीचे फेक्चर जैसी चोट व बांयी पसली व पीठ पर बॉये तरफ चोटों के निशान पाए गए। पंचों की राय व शव पंचायतनामा के आधार पर मृतक रमेश की मौत मारपीट से होना पाए जाने पर पीएम फार्म जारी किया गया। मर्ग जांच के दौरान उसके द्वारा साक्षी राजेश पिता मदनलाल, दिलीप पिता मोहनलाल, मोहनलाल पिता हीरालाल गायरी निवासीगण धानासुता के कथन लिये गये जिसके आधार पर यह पाया गया कि मृतक रमेश को अभियुक्त भूरू उर्फ हीरालाल गायरी व लल्ला उर्फ मुबारिक निवासी धानासुता के द्वारा भूरू गायरी के खेत ग्राम धानासुता पर 3. अगस्त 2020 के दिन के 11-12 बजे के बीच हुए झगड़े में अभियुक्तगण द्वारा जान से मार डालने की नियत से मृतक रमेश को चोटें पहुंचाई, जिसके बाद घायल रमेश को साक्षी राजेश राठौर, मोहनलाल गायरी, श्याम चौधरी व शब्बीर निवासीगण धानासुता द्वारा तूफान गाडी से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रतलाम ले जाया गया, जहाँ पर इलाज के दौरान रमेश की मौत हो गयी। घटना स्थल का निरीक्षण, चश्मदीद साक्षियों के कथन, शव पंचायतनामा के आधार पर अभियुक्तगण भूरू उर्फ रघुनाथ गायरी एवं लल्ला उर्फ मुबारिक के विरूद्ध धारा 302, 34 भा.द.सं. का अपराध पाये जाने पर उनके विरूद्ध अपराध क्रं. 407/2020 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आवश्यक अनुसंधान पूर्ण कर अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को प्रमाणित मानते हुए माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को दोषसिद्ध किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गोल्डन राय ने की।

# प्राकृतिक आपदा से किसानों की मंडी में रखी फसलें हुई नष्ट, शासन मुआवजा राहत राशि प्रदान करें-जैन

## विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** 27 दिसंबर को मंदसौर विधानसभा सहित आसपास के क्षेत्र में आंधी तूफान के साथ हुई बारिश एवं ओलावृष्टि ने मंडी प्रांगण में रखी किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया है। जागरूक विधायक श्री विपिन जैन ने अन्नदाता किसान को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिये मुआवजा राहत राशि प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है।



मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने बताया कि विधायक श्री जैन 27 दिसम्बर को मण्डी में रखी किसानों की फसल के नुकसान को लेकर चिंतित है। उन्होंने इस दुख की घड़ी में किसानों के साथ खड़े रहकर तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि मंदसौर विधानसभा सहित सम्पूर्ण जिले में दिनांक 27.12.2024 (शुक्रवार) को अत्यधिक बारीश होने के कारण अन्नदाता किसान भाईयो की कृषि उपज मंडियो में नीलामी हेतु रखी फसले भीगने की सूचनाए प्राप्त हुई है वही भयंकर बारीश से नीलामी के लिए रखी फसले तेज बहाव के साथ बह गई है जैसे तैसे किसान अपनी फसलो को प्राकृतिक आपदाओ से लड़कर तैयार कर जब कृषि उपज मंडियो मे विक्रय हेतु लाता है उसके बाद भी प्राकृतिक आपदा के कारण किसानो के मुँह आया निवाला छिन जाता है मंडी प्रागंण मे आने के बाद किसानो की फसलो की सुरक्षा की जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की होती है ऐसी स्थिति मे यदि अतिवृष्टि के कारण मंडी प्रागंण मे निलामी हेतु रखी फसलो के भीगने और पानी के तेज बहाव से बह जाने के कारण किसानो को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। विधायक श्री जैन ने कहा कि प्रदेश की सभी मंडियो में अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदा से मंडी प्रागंण मे किसानों की निलामी हेतु रखी फसलो को नुकसान होने पर मुआवजा राहत राशि दिये जाने के प्रावधान होने चाहिए। विधायक श्री जैन ने मुख्यमंत्री से मांग की कि विगत दिन अतिवृष्टि के कारण मंदसौर मंडी प्रांगण सहित जिले की अन्य मंडियों में किसानों की नष्ट हुई फसलो के मुआवजा राहत राशि प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर किसानों को राहत प्रदान करें।

## दमामी समाज के प्रथम दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** दमामी समाज द्वारा समाज की खेल प्रतिभाओ को आगे बढाने हेतु 28, 29, 30 दिसम्बर तीन दिवसीय दमामी समाज टेनिस बॉल क्रिकेट आयोजित प्रतियोगिता मे शनिवार को शुभारम्भ के साथ पहले मैच मे रतलाम गठबंधन11 मेंढकवास के बीच टॉस रतलाम गठबंधन द्वारा जीता गया। रतलाम गठबंधन ने 8 ओवर मे अपनी पारी मे 58 रन बनाये। जिसके जबाब मे मेंढकवास ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट खोकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। दमामी समाज के अध्यक्ष प्रहलाद पंवार द्वारा बताया गया कि मंदसौर शहर के चंद्रपुरा स्थित पशुपतिनाथ अतिथि ग्रह के समीप तीन दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट मे इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ शनिवार 28 दिसम्बर को मौसम के अनुसार को सायं 4 बजे शुरु हुआ। माँ सरस्वती के मंदिर निर्माण हेतु समाज मे इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे नपा वार्ड 26 पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गिरी गोस्वामी, रमेश चंद्रावत (चेकिंग पोस्ट अधिकारी) व आदि जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए व अंतिम दिन सोमवार को दमामि समाज की जो भी टीम फाइनल जीतेगी। उन्हें 11000 का प्रथम, 5100, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के शुभारम्भ समाज प्रमुख मांगीलाल कांठा, रमेशचंद्र चंद्रवत, मुकेश जी भंवरिया, कुलदीप जमडा जावरा, राजेश आलोट, सुनील रोजाना, मनीष कुशलगढ आदि समाजजन उपस्थित रहे। रविवार को मंदसौर व आलोट क्रिकेट टीम के अधूरे मैच को पूरा किया जायेगा। रविवार के प्रथम मैच का शुभारम्भ भाजपा नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत करेंगे।

# महिला सम्मान योजना पर जांच के आदेश

## केजरीवाल ने बताया महिलाओं को 2100 रुपए मिलेंगे या नहीं

**नई दिल्ली, 28 दिसम्बर।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सियासत गरमाती जा रही है। आम आदमी पार्टी की महिला सम्मान योजना योजना के ग्रहण लगता नजर आ रहा है। जिसको लेकर अब उपराज्यपाल ने इसी योजना के संबंध में जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, दूसरी तरफ आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने इस योजना को लेकर भाजपा पर आरोप लगाए है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे। इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम इस समय चल रहा है।

उपराज्यपाल ने पूछा कि दिल्ली में महिला सम्मान योजना को लेकर जो रजिस्ट्रेशन का काम हो रहा है, वह किन नियमों के आधार पर हो रहा है। इस बात को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल ने जांच के आदेश दिए हैं। इस काम के लिए डिवीजनल कमिश्नर को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। दिल्ली के सभी जिले के डिवीजनल कमिश्नर इस बात की जांच करेंगे कि उनके इलाके में महिला सम्मान योजना को लेकर जो भी रजिस्ट्रेशन हो रहा है। वह किस आधार पर हो रहा है। सभी डिविजनल कमिश्नर से इस बारे में जल्द ही एक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

**केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाए आरोप**–आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर बीजेपी पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि बीजेपी दिल्ली में महिला सम्मान योजना को रोकना चाहती है। ये आदेश एलजी ने नहीं बल्कि अमित शाह के ऑफिस से आया है। अरविंद केजरीवाल ने आज दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया है। केजरीवाल का कहना है कि बीजेपी महिलाओं का सम्मान



नहीं करती है। भाजपा दिल्ली चुनाव में हार मान चुकी है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना को महिलाएं पूरा समर्थन दे रही हैं। अब तक 22 लाख महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

**फर्जी जांच के आदेश**–केजरीवाल ने आगे कहा कि इन्होंने ठान लिया केजरीवाल की योजनाओं को विफल करना है। आज इन्होंने फर्जी जांच के आदेश दिए हैं। हम बार-बार बीजेपी से पूछ रहे थे कि आप दिल्ली में क्या करोगे। बीजेपी का एक ही मकसद है कि वो महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना बंद कर देंगे। बीजेपी दिल्ली में सबकुछ बंद करने के लिए यह चुनाव लड़ रही है। केजरीवाल ने कहा कि ये खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, उस पर जांच नहीं होगी। जहां जांच नहीं होनी चाहिए वहां जांच होगी। इन्होंने फ्री बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, बस का फ्री सफर और बच्चों के स्कूल बनाते समय इन्होंने खूब टांग अड़ाई। मगर मैंने सब लागू कर दिया। ऐसे ही आगे भी सभी योजनाएं लागू की जाएंगी। बीजेपी और कांग्रेस मिलकर अअझ को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

# भारी बर्फबारी से कश्मीर घाटी देश से कटी, सभी उड़ानें रद्द

**श्रीनगर, 28 दिसम्बर।** जम्मू-कश्मीर में जारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर एयरपोर्ट पर शनिवार को सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से इस संबंध में जानकारी दी गई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा से पहले एयरलाइन से संपर्क कर लें।

इससे पहले शुक्रवार को कश्मीर घाटी में मौसम ने करवट ली और गुलमर्ग, पहलगाम, माता वैष्णो देवी के त्रिकुटा पर्वत समेत सभी ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई। श्रीनगर शहर में भी इस मौसम का पहला हिमपात हुआ। बर्फबारी से कश्मीर घूमने आए पर्यटक बेहद उत्साहित हैं। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों ने भी बर्फबारी का खूब लुत्फ उठाया। लाल चौक के घंटाघर और डल झील के आसपास पर्यटक बड़ी संख्या में जुटे और इस खूबसूरत नज़ारे को अपने कैमरों में कैद किया।

**नए साल तक जारी रहेगा ठंड का कहर, बर्फबारी और बारिश बढ़ाएगी सर्दी**– उत्तर भारत में सर्दी का कहर जारी है। पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक घने बादलों और बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो चुका है। वहीं, निचले इलाकों में बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई स्थानों पर शुक्रवार को हुई बारिश ने ठंड बढ़ा दी। दिल्ली में 27 दिसंबर को इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा, जहां सफदरजंग और पालम में अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग (खचऊ) के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के टकराव के चलते बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। अगले कुछ दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है। खचऊ के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ पंजाब और उसके आसपास



सक्रिय है। इसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में तापमान में और गिरावट होगी। मौसम विभाग ने दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को दिल्ली के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट और शनिवार-रविवार के लिए 'येलो' अलर्ट घोषित किया गया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि नए साल की शुरुआत भी बर्फबारी, बारिश और घने कोहरे के साथ होगी। अगले सप्ताह ठंड का प्रभाव और तेज होने की संभावना है। सर्द रातों और कोल्ड वेव के कारण लोग कड़ाके की ठंड का सामना करेंगे। ऐसे में विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

## नियमों के खिलाफ जाकर बना दिया अध्यक्ष

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष के चुनाव हर तीन साल में होते हैं। लेकिन कुछ कतिपय लोगों ने खुद ही बैठक रखकर अपने अध्यक्ष घोषित कर लिया गया। इसको लेकर आज सिंधी समाज द्वारा बैठक कर इस मामले पर चर्चा की जाएगी। नियम 21 के अंतर्गत पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के चुनाव हर तीन साल में होते हैं। पिछली बार 2 जनवरी 2021 को चुनाव हुए थे। जिसमें राम कोटवानी अध्यक्ष चुने गए। इसके बाद 29 जनवरी 2021 को राम कोटवानी ने पदभार ग्रहण किया। इसका मतलब है कि 29 जनवरी से पहले नया अध्यक्ष नहीं चुना जा सकता। लेकिन नियमों के खिलाफ जाकर कुछ लोगों ने बैठकर कर स्वयं भू अध्यक्ष बना दिया। यह पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के नियमों के खिलाफ है। अध्यक्ष राम कोटवानी ने बताया कि इसको लेकर आज 29 दिसंबर को संत कंवराम रिसोर्ट पर एक बैठक रखी गई है। जिसमें समाज जनों से पधारने की अपील भी की गई है।

# सर्व समाज एवं सर्व संगठनों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहनसिंह को श्रद्धांजलि दी

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत के नवनिर्माण मैं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विश्व के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर सर्व समाज एवं सर्व संगठन, पत्रकारगण द्वारा शनिवार शाम को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समीप पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



प्रारंभ में नगर के विभिन्न धर्म एवं समाज के प्रतिनिधिगण वासुदेव सेवानी, ब्रजेश जोशी, खलील खान, सरदार रंजीतसिंह, रविन्द्र पांडे, केके सिंह भाटी ने विधायक श्री विपिन जैन के साथ दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद क्रम से सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह क्रम पूरे सवा घंटे तक चलता रहा बड़ी संख्या में आमजनों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस पुष्पांजलि कार्यक्रम अवसर पर मंदसौर विधायक विपिन जैन पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारती, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, पूर्व नपा अध्यक्ष मो. हनीफ शेख, महेंद्र सिंह गुर्जर, सोमिल नाहटा, कांतिलाल राठौर, सिंधी जनरल पूज्य पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, सिंधी समाज संरक्षक दृष्टानंद नेनवानी, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल, बृजेश जोशी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सक्षम मालवा प्रांत के सचिव रविंद्र पांडे, ब्राह्मण समाज प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, राजेश चाहूजा, पत्रकार संजय भाटी, ज्योतिष आचार्य पंडित शिवप्रकाश जोशी, दाऊदी बोहरा समाज के पीआरओ फिरोज अली कपाड़िया, मेवाड़ा सेन समाज के अध्यक्ष बृजेश सेन मारोठिया, गुजराती सेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सेन, वरिष्ठकवि गोपाल बैरागी वरिष्ठ एडवोकेट अभिमन्यु सिंह मंडलोई, डॉ प्रीति पाल सिंह राणा, तरुण खींची, मोहम्मद खलील शेख, सुनील बसेर, विश्वास दुबे, कोमलराम बघेरिया, असगर मेव, खलील पठान, ईश्वरलाल धाकड़, विकास दसोरा, राजेश सोलंकी, राजेंद्र सेठिया, मनोहर नाहटा, ओम प्रकाश पाटीदार, जगदीश धनगर फौजी, राजनारायण लाड, निर्मल बसेर, वहीद जैदी, माजिद चौधरी, अनीश मंसूरी, रविंद्र पाटीदार, सुरेंद्र कुमावत, के के सिंह भाटी, भारत सिंह सिसोदिया, विजय सिंह सिसोदिया, संजय सोनी, दिलीप देवड़ा बलराम गुर्जर, चैन सिंह सिसोदिया, मुस्तफा कपाड़िया, कैलाश पटोला, राजीव गुलाटी, मुर्तुजा घड़ियाली, सकलेन करार, कमलेश सोनी, अनूप जोशी, आसिफ छिपा, अजय सिंह तोमर, संजय नाहर, श्याम साल्वी, गोपाल एनिया, राजेश खींची, मजार खान, राकेश सेन, सुनील गुप्ता, सम्यक जैन, मिथुन कटारिया, दिनेश नई, अमित छाबड़ा, उस्मान मंसूरी दीपक बसेर, अर्जुन गुर्जर, कचरमल जाटीया, शंकर लाल मालवीय, ईश्वरलाल कुमावत, मंगल गवली, छगनलाल साहू, मुन्नालाल कुमावत, अशोक सूर्यवंशी, बालकृष्ण मालवीय, कैलाश कुमावत, रमेश धनगर, मनीष मीणा, देवेंद्र जैन, जगदीश राठौर, सादिक गोरी उस्मान मंसूरी जगदीश जटिया, शैलेंद्र मारोठिया साथ ही महिलाओं नेत्रियों में सुश्री इष्टा भाचावत, रफत पयामी, बबीता सिंह तोमर, अंजू तिवारी, रूपल संचेती, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया दीप्ति पोखरना, नम्रता सत्रावाला, वर्षा सांखला, कुमकुम सिसोदिया, नेहा कनकमाल जैन, योगिता बैरागी, प्रमिला नाहर, सोनिया जैन, रमेश ब्रिजवानी, विजय जैन, दशरथ राठौर, पंकज जोशी, नितेश सतीदासानी, वकार खान, विश्वनाथ सोनी, भागीरथ वीरवाल (नंदावता), अमीन खान, रईस मंसूरी (बूढ़ा), शाहिद खान, राजेंद्र कुमावत, रमेश कामराज, डॉ मोहन नागर, हरीश पाटीदार, मनोज जैन भंवरलाल कुमावत, पंकज रैकवार मोहनलाल ग्वाला, आदित्य गुर्जर, भंवरलाल माली, भेरूलाल कुमावत, चंद्रशेखर अहिरवार, नमन मोदी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं शामिल हुई एवं देश के महान नेता को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने किया एवं सभी का आभार सिंधु प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैलाश मनवानी ने माना।

# पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सेवानी का सम्मान समारोह आज

**मंदसौर, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पंडित विनोद शर्मा, एवं वासुदेव खैमानी, पूज्य सिंधी भाई बन्ध पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नंदू आडवाणी, मनोहर लाल नैनवानी, जय सेवानी व मदनलाल जी श्री वरूण देव संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद ककनानी, सिन्धु आराधना मंदिर संचालन समिति पूर्व अध्यक्ष हेमंत बुलचन्दानी, लक्ष्मण साहिब गुरुद्वारा समिति के पूर्व अध्यक्ष श्याम लाल खैमानी, पार्षद नरेश चंदवानी, राजेश चाहूंजा, सिन्धी युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष शौकि ककनानी, दिलीप व पप्पू चंदवानी, देविदास हरवानी, विजय कोठारी, दुर्गेश बालानी, दयाराम एवं रमेश



लवाणी, राम कल्याणी, बृजलाल नैनवानी, ताराचंद जैसवानी, डा. डी डी सगतानी डॉक्टर सुरेश पमनानी, मोहन सेठ मेघनानी, लक्ष्मण मेघनानी, पपु देवनानी, दयाराम जैसवानी, गिरीश भगतानी, सुरेश बाबानी, प्रितम खैमानी, पपन ज्ञानी, गिरधारी लाल पुरुस्वानी हरिश कल्याणी, नरेश एवं मुकेश फतनानी ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बतलाया कि पूज्य जनरल पंचायत के नवनिर्वाचन निर्विरोध अध्यक्ष श्री वासुदेव सेवानी के सम्मान में आयोजित समस्त कार्यक्रमों में आप सपरिवार स्त्री, पुरुष व बच्चों के साथघ् पधार समाज का सम्मान व गौरव बढ़ावे।

श्री झूलेलाल मंदिर भरूच के वर्तमान गादीपति एवं भगवान श्री झूलेलाल जी के 26 वंशज श्री मनीषलाल जी के सानिध्य में व आज्ञा, आशिर्वाद से बहराणा साहिब का सुन्दर धार्मिक दरबार सजाकर, आरती, पल्लव पाकर, भोजन प्रसादी एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मान समारोह जो कि आज 29 दिसम्बर, रविवार सुबह 11 बजे, स्थानीय सिंधु महल, पम्प हाउस के पास, धानमण्डी पर आयोजित समस्त आयोजन में मन्दसौर नगर का सम्पूर्ण सिंधी समाज बड़े-बुजुर्ग, युवा साथी व माताएं-बहने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सिंधी समाज की एकता का परिचय देवें।

## नरसिंह को प्रांत सह सहसंयोजक बनाया

**पिपलियामंडी, 28 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत के अधिवेशन में मंदसौर जिले से खेलो भारत प्रांत सहसंयोजक पद पर नरसिंह कुमावत, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य महिपाल गौड़, हर्ष पाटीदार एवं निशा जैन को नियुक्त किया। नगर मंत्री विशाल राठौड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत का 57 वां तीन दिवसीय प्रांत अधिवेशन नीमच में सम्पन्न हुआ। जिसमें परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र सौलंकी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया, अ.भा. जनजाति सहप्रमुख निलेश सौलंकी, प्रांत संगठन मंत्री संदीप वैष्णव, मंदसौर विभाग संगठन मंत्री प्रकाश परमार एवं मालवा प्रांत की छात्र शक्ति उपस्थित रही। जिसमें उक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

## मेलबर्न में भारतीय टीम की वापसी... पेज 1 से जारी

विकेट पर 164 रन से आगे खेलना शुरू किया और 194 रन जोड़े। इस दौरान भारत ने चार और विकेट गंवाए। शनिवार को ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर आउट हुए। नीतीश ने नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे वाशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 127 रन की साझेदारी निभाई। सुंदर और नीतीश दोनों ने 150-150 गेंद खेलीं। टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ जब किसी टीम के आठवें और नौवें नंबर के बल्लेबाज ने 150+ गेंदें खेली हों। दोनों ने संयुक्त रूप से 285 गेंदें खेली यानी करीब 48 ओवर बल्लेबाजी की। सुंदर 162 गेंद में एक चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले यशस्वी जायसवाल 82 रन, रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन और ऋषभ पंत 28 रन और रवींद्र जडेजा 17 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके।

**नीतीश रेड्डी का पहला अंतरराष्ट्रीय शतक**–नीतीश ने 171 गेंद में बोलैंड की गेंद पर चौका लगाकर शतक लगाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक है। उन्होंने टेस्ट में पहली बार पचास से ज्यादा रन बनाए और उस पारी को शतक में बदल दिया। नीतीश इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और ऋषभ पंत हैं। नीतीश के लिए यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पिता मुतयाला रेड्डी दर्शक दीर्घा में मौजूद हैं और यह मैच देख रहे हैं। अपने पिता के सामने शतक लगाने के बाद नीतीश भावुक भी हो गए।


इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

रविवार 29 दिसम्बर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088






चलो प्रयाग राज महाकुंभ

10 जनवरी श्री महादेव तीर्थ यात्रा मंदसौर द्वारा किराया मात्र 8501/-

स्लीपर बस द्वारा

****** संपर्क करें ******

महेश परमार 7470433491, 9575987517



Notice e-tender Inviting
for
"Hostel Mess/Canteen"
At
Govt. College of Nursing, Distt : Mandsaur (M.P.)

| Sr No | Description | Start Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | NIT No | Mess/Tender/10770/2024 |
| 2 | NIT issue date | 26.12.2024 |
| 3 | Pre-bid Meeting | 07-01-2025 at 03:00 PM |
| 4 | Venue | Office of the Chief Medical and Health Officer, District- Mandsaur (M.P.) |
| 5 | Last Date of submission | 07-01-2025 at 03:00 PM |
| 6 | Open EMD & Financial bid | 08-01-2025 at 04:00 PM |
| 7 | Venue | Office of the Chief Medical and Health Officer, District- Mandsaur (MP) |
| 8 | Value of tender | Rs. 5 Lakh Only |
| 8 | Tender document cost | Rs. 500/- |
| 9 | EMD Amount | Rs. 50,000/- (Fifty Thousand only) |

Principal
Govt.B.Sc.
Nursing College
Mandsaur (MP)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-मंदसौर (म.प्र.)

Govt. College of Nursing, Mandsaur 458002, Madhya
Tele: 07422-241381, 9425032380, 7974133755
email:gnmtcmds@gmail.com
G-20911/24


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in